Registered

प्रेषक,

रत्नेश कुमार श्रीवास्तव,
पंचम अपर सत्र न्यायाधीश,
हरदोई।

सेवा में,

श्रीमान उपनिबन्धक (Admin. Misc-1),
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद,
इलाहाबाद।

द्वारा ,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश ,
हरदोई।

विषयः पत्रांक संख्या 1355/IV3027/Admin (A-IV)/ दिनांकित 08.02.2022 के अनुपालन में चल सम्पत्ति विवरण प्रस्तुत किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ससम्मान अवगत कराना है कि मेरे द्वारा दिनांक 06.12.2021 को माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या 63/IV-h-16/Admin (A-4)/ दिनांकित 10.12.1998 व संख्या 16/IV-h-16/Admin (A-4)/ दिनांकित 13.05.2004 के अनुक्रम में चल सम्पत्ति से सम्बन्धित समस्त विवरण विहित प्रारूप में वर्ष 2020-21 का प्रस्तुत किया गया। श्रीमानजी द्वारा उक्त पत्रांक के जरिये वर्ष 2010-11 से वर्ष 2019-20 तक चल सम्पत्ति का विवरण प्रस्तुत न किये जाने के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण आहूत किया गया। पत्र के साथ उक्त त्रुटि को दूर करते हुए मेरे द्वारा वर्ष 2010-11 से वर्ष 2019-20 तक तथा वर्ष 2020-21 का संशोधित चल सम्पत्ति विवरण विहित प्रारूप पर उचित पटल पर रखे जाने हेतु सादर प्रेषित की जा रही है। वर्ष 2011 से चल सम्पत्ति विवरण प्रस्तुत न किये जाने का कारण न्यायिक कार्य की अधिकता के कारण व्यस्तता रही एवं यह भी अवगत कराना है कि मेरे द्वारा प्रत्येक वर्ष आय कर रिटर्न दाखिल किया जाता है, जिसमें उक्त सभी चल सम्पत्ति विवरण/निवेश प्रस्तुत किया गया तथा सभी प्राप्त आय एवं निवेश से प्राप्त ब्याज पर विधि पूर्वक कर अदायगी प्रत्येक वर्ष की जाती रही। चल सम्पत्ति सम्बन्धित उपरोक्त प्रस्तुत कोई भी विवरण मेरे द्वारा आय कर रिटर्न में छुपायी नही गयी है। चल सम्पत्ति सम्बन्धित दर्शित उपरोक्त विवरण मेरे प्राप्त वेतन से ही संचालित हैं। अतः बीच की अवधि में विवरण प्रस्तुत न किये जाने के पीछे प्रार्थी की कोई दुर्भावना नही थी। उक्त त्रुटि को दुरूस्त कर विवरण सादर अवलोकनार्थ प्रेषित की जा रही है। प्रार्थी यह भी विश्वास

14/3/22

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कोर्ट सं०-5, हरदोई

Scanned with CamScanner

दिलाता है कि भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि की पुनरावृत्ति नही होगी एवं माननीय न्यायालय के निर्देशों के आलोक में अपेक्षित विवरण समय से प्रेषित करूंगा।

अतः श्रीमान जी से विनम्र अनुरोध है कि संलग्न विवरण आवश्यक कार्यवाही एवं उचित पटल पर रखे जाने हेतु स्वीकार करने की कृपा करें। यह भी अवगत करना है कि समस्त विवरण मेरे द्वारा आनलाइन भी आवेदित किया जा रहा है।

सादर !

भवदीय,

14/3/22

(रत्नेश कुमार श्रीवास्तव)

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं० हरदोई

पंचम अपर सत्र न्यायाधीश, हरदोई।

दिनांक: 14.03.2022

संलग्नक–

i). चल सम्पत्ति से सम्बन्धित विववरण विहित प्रारूप में वर्ष 2010–11 से 2019–20 तक एवं वर्ष 2020–21 का संशोधित विवरण।

OFFICE OF THE DISTRICT JUDGE HARDOI
Endt. No. 309/I-8-22 Dated 14.3.22
Forwarded

District Judge
Hardoi
14.03.2022

Scanned with CamScanner